# कृषि विज्ञान केन्द्र, आमस, गया

(बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर, भागलपुर)

डा० एस. बी. सिंह
मुख्य वैज्ञानिक–सह–विश्वविद्यालय प्राध्यापक प्रभारी प्रधान

E-Mail Id: kvkamasgaya@gmail.com
मोबाईल सं०: 9431810044


## वैज्ञानिक सलाहकार समिति की षष्ठम् बैठक की कार्यवाही

कृषि विज्ञान केन्द्र, आमस, गया के वैज्ञानिक सलाहकार समिति की षष्ठम् बैठक दिनांक 07.09.2024 को कृषि विज्ञान केन्द्र, गया के सभागार में 02.00 बजे अपराह्न में आयोजित की गयी। इस बैठक की अध्यक्षता डा• आर• के• सोहाने, निदेशक प्रसार शिक्षा, बिहार कृषि विश्वविद्यालय सबौर, भागलपुर द्वारा किया गया तथा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डा• डी• वी• सिंह, प्रधान वैज्ञानिक, आई.सी.ए.आर.–अटारी, पटना के गरिमामय उपस्थिति में संपादित किया गया। इसके अतिरिक्त जिला के कृषि संबद्ध विभिन्न विभागें से जिला विकास प्रबंधक, नाबार्ड, गया/सहायक निदेशक (पौधा संरक्षण), गया/जिला मत्स्य विकास पदाधिकारीएवं अन्य पदाधिकारीगण; जीविका, गया के प्रतिनिधि, एन .जी. ओ. के प्रतिनिधिगण तथा समिति के सदस्य सम्मानित किसान प्रतिनिधि के साथ –साथ केन्द्र के वैज्ञानिकों, विषय वस्तु विशेषज्ञों एवं कर्मचारीगण उपस्थित हुए।

**उपस्थितिः** पंजी अनुसार

केन्द्र के मुख्य वैज्ञानिक–सह–प्रभारी प्रधान द्वारा सभी पदाधिकारीगण/सदस्य प्रगतिशील कृषकों का स्वागत किया गया। तत्पश्चात् उन्होंने विगत बैठक (5वीं) की कार्यावाही में दिए गए सुझावों के क्रियान्वनयन पर की गयी कार्रवाई से सदन को अवगत कराया गया एवं अगस्त 2023 से जुलाई 2024 तक के प्रगति प्रतिवेदन तथा आगामी कार्य योजना 2024–25 का प्रस्तुतीकरण माननीय सदस्यों के समक्ष किया गया। बैठक के दौरान माननीय सदस्यों के सम्यक विचारोपरांत महत्वपूर्ण सुझाव दिए गए, जिसका वर्णन कार्यवाही में निम्नांकित किया गया है –

| क्र•सं• | अध्यक्ष एवं सदस्यों के सुझाव |
|---|---|
| 1. | गया जिला में लगाई जाने वाली फसलों के अच्छादन संबंधित अद्यतन आँकड़े प्रखण्डवार क्षेत्रफल के साथ–साथ कुल कितने Live Stock की संख्या है उसे भी उल्लेखित किया जाय। |
| 2. | कृषि विज्ञान केन्द्र, आमस के क्षेत्राधिकार में अवस्थित 09 प्रखण्डों के गाँवों में से कुल कितने गाँवों में वैज्ञानिकों द्वारा संपर्क स्थापित हो सका है उस आँकड़े को बताया जाय जिससे केन्द्र की पहुँच अधिक–से–अधिक गाँवों में हो सके। |
| 3. | कृषि विज्ञान केन्द्र, आमस के तीन महिने का प्रशिक्षण कैलेण्डर तैयार कर सभी सदस्यों को भेजा जाय। |
| 4. | SCSP परियोजना अंतर्गत प्रदत्त सिलाई मशीनों के उपयोग से कितनी महिलाओं द्वारा आय में वृद्धि की गयी एवं रोजगार में कितनी लगी, उन सभी के आँकड़े को प्रस्तुत किया जाय। |
| 5. | केन्द्र पर प्राकृतिक खेती के प्रत्यक्षण में प्रभाव का आकलन की शुरूआत से अद्यतन समय तक आँकड़ों के साथ प्रस्तुत किया जाय। |
| 6. | किसान सारथी एप में किसानों को पंजीकृत कराने हेतु जीविका एवं ICDS से डाटा प्राप्त कर उसमें किसानों की संख्या को बढ़ाए। |
| 7. | तकनीकी पम्पफलेट या आलेख के अंत में किसान हेल्प लाईन नं0–18003456455/ई–निरोग एप्प/बी.ए.यू. एग्रो डाक्टर के नं0–7004528893 को प्रकाशित अवश्य कराया जाय। |
| 8. | जिला मत्स्य पदाधिकारी के सहयोग से मत्स्य पालन विषय पर प्रशिक्षण आयोजित किया जाय। |

| | |
|---|---|
| 9. | ग्रामीण बेरोजगार प्रशिक्षण अंतर्गत 18–45 वर्ष वाले युवक–युवती को ही प्रशिक्षण दिया जाना है एवं प्रशिक्षण उपरांत उसका Follow up आवश्यक है जिससे उसके प्रभाव का आकलन प्राप्त हो सके। |
| 10. | Gap Assessment करें, FLD में पूरी तकनीक की बात आनी चाहिए। फसल एवं टेकनोलॉजी का एक–एक स्लाईड बनाए। |
| 11. | जिन किसानों के प्रक्षेत्र पर CFLD किया जा रहा है उन्हें भी SAC की बैठक में बुलाया जाय। |
| 12. | के0 वी0 के0 प्रक्षेत्र के मृदा नमूने की जाँच फसलवार अवश्य करवाया जाय तथा प्रखण्डवार मृदा की उर्वरता पता होना चाहिए। |
| 13. | व्यंजन प्रतियोगिता (Recipe Contest) को कराया जाय एवं न्यूट्रिशनल मैप को विकसित किया जाय। |
| 14. | धान एवं गेहूँ के बॉयोफोर्टिफाईड प्रभेद को कृषकों के बीच ले जाए। |
| 15. | वर्षभर कुछ–न–कुछ किसानों को पौध या वीज मिल पाए, इसके लिए सब्जी–फल के पौधे को तैयार किया जाय। |
| 16. | रबी फसल के पहले किसान सलाहकारों/प्रसार कर्मीयों का प्रशिक्षण कराया जाना है। |

कृषकों द्वारा पूछे गए प्रश्नों का समाधान भी किया गया एवं बैठक के अन्त में माननीय अतिथियों/सदस्यों का धन्यवाद ज्ञापन कर बैठक सम्पन्न हुई।

16/10/2024

**मुख्य वैज्ञानिक–सह–प्रभारी प्रधान**
**कृषि विज्ञान केन्द्र, आमस, गया**

**ज्ञापांकः** 98/कृ. वि. के., आमस, गया **दिनांकः** 16/10/2024

**प्रतिलिपिः** जिला कृषि पदाधिकारी/परियोजना निदेशक/ उप निदेशक (पौधा संरक्षण)/सहायक निदेशक उद्यान/अन्य सम्मानित सदस्यगण, गया को सूचनार्थ प्रेशित।

**प्रतिलिपिः** निदेशक प्रसार शिक्षा, बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर भागलपुर को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

**प्रतिलिपिः** निदेशक, अटारी, जोन–IV, पटना, बिहार को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

16/10/2024

**मुख्य वैज्ञानिक–सह–प्रभारी प्रधान**
**कृषि विज्ञान केन्द्र, आमस, गया**

Manishkumar
16/10/2024